# ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लिए फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर (FTC) हेतु जिलावार रिक्तियाँ

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् आजीविका के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत एक स्वायतशासी संस्था है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण द्वारा गरीबी उन्मूलन के लिए प्रयासरत है। जेएसएलपीएस ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों/परियोजनाओं यथा–DAY-NRLM, MKSP, JOHAR, JICA एवं DDU-GKY के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेन्सी है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृप्या www.jslps.org वेबसाईट को देखें।

वर्तमान में जेएसएलपीएस द्वारा DAY-NRLM (MKSP सहित), JOHAR, JICA पोषित प्रोजेक्ट और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग कार्यक्रमों के सुचारु रुप से क्रियान्वयन हेतु फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर (FTC) पद हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। जेएसएलपीएस के वरीय प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में, अब FTC पद पर झारखण्ड के निवासियों का ही चयन किया जाना है। अब से इन पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति जेएसएलपीएस की स्वीकृत मानव संसाधन संचरना के अंर्तगत ही की जाएगी और जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।

प्रखण्ड में कार्यरत FTC, JSLPS द्वारा चलाये जा रहे आजीविका संवर्धन के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में एक हो कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्हे गाँव स्तर पर रहते हुए जेएसएलपीएस के मार्गदर्शन में गरीब परिवारों के साथ काम करना होगा। इस विज्ञापन के माध्यम से, नीचे दिये गये विवरणानुसार फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर (FTC) पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों द्वारा अनुबंध के आधार पर निम्न जिलों के परियोजना प्रखण्डों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः–

| Sl. No. | District | Category wise Vacancy | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total | UR | ST | SC | BC I | BC II |
| 1 | Bokaro | 9 | 5 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | Chatra | 7 | 4 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | Deoghar | 6 | 3 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 4 | Dhanbad | 8 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 5 | Dumka | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | East Singhbhum | 11 | 6 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| 7 | Garhwa | 9 | 5 | 1 | 2 | 1 | 0 |
| 8 | Giridih | 11 | 6 | 1 | 1 | 2 | 1 |
| 9 | Godda | 5 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 10 | Gumla | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Hazaribagh | 7 | 4 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 12 | Jamtara | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Khunti | 7 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | Koderma | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 15 | Latehar | 8 | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 |
| 16 | Lohardaga | 7 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Palamu | 11 | 6 | 1 | 3 | 1 | 0 |
| 18 | Pakur | 11 | 6 | 4 | 0 | 1 | 0 |
| 19 | Ramgarh | 5 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 20 | Ranchi | 20 | 10 | 7 | 1 | 2 | 0 |
| 21 | Sahebganj | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Sariakela Kharsawan | 8 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | Simdega | 12 | 6 | 5 | 1 | 0 | 0 |
| 24 | West Singhbhum | 15 | 8 | 6 | 1 | 0 | 0 |

**नोटः–**

1. आवश्यकतानुसार एवं कार्यक्रम की स्वीकृति के आधार पर जिलावार रिक्तियों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
2. उपरोक्त रिक्तियों में विकलांग कोटे के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।

**पद हेतु कार्य विवरण–** फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर (FTC) का कार्य मुख्यालय प्रखण्ड के अंतर्गत आवंटित कलस्टर होगा। अपने कार्यक्षेत्र में रहते हुए उन्हें परियोजना के अंतर्गत बनाये गए संस्थाओं के साथ नजदीकी समन्वय स्थापित करना होगा। साथ ही परियोजना के लाभुकों के आजीविका संवर्धन हेतु निर्धारित कार्य करना होगा। फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर (FTC) के अन्य मुख्य कार्य समुदाय के साथ मिलकर सामाजिक विकास, संस्था निर्माण, प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन, क्षेत्र स्तर पर तकनीकी सहायता, क्षेत्र में कार्य का अनुश्रवण एवं समस्याओं का निराकरण आदि करना है।

**योग्यता एवं अर्हताः–**

1. **शैक्षणिक योग्यताः** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में 3 वर्षीय स्नातक (पूर्णकालिक या पत्राचार माध्यम) या उससे उच्चतर उपाधि।
2. **अनुभवः** आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत कम से कम 1 वर्ष का पूर्णकालिक प्रासंगिक कार्य अनुभव (पद के अनुरुप प्रासंगिक कार्य अनुभव), जो किसी बड़े गरीबी उन्मूलन/आजीविका संवर्धन/सामाजिक अथवा ग्रामीण विकास से संबंधित परियोजना/कार्यक्रम जिसका क्रियान्वयन सरकार/सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थाओं/प्रतिष्ठित एनजीओ/संस्थान या किसी प्रासंगिक संस्थान में हो। कार्य अनुभव बताये गये कार्यक्रम से ही संबंधित हो, यह आवश्यक होगा। IT/Account/Telecom या अन्य अप्रासंगिक क्षेत्र के अनुभव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में इसकी जाँच की जाएगी और इसके अनुसार अयोग्य आवेदन पर समुचित कार्यवाई करते हुए उन्हे निरस्त किया जाएगा।
3. जेएसएलपीएस में कार्यरत CC/TCC(FTE एवं Consultants), जिनका वर्तमान अनुबंध FTC के आवेदन की अंतिम तिथि को एक साल या उससे अधिक पूर्ण हो रहा हो तथा वर्तमान में सेवा में हों, वे ही आवेदन करने लिए पात्र हैं।

**मानदेयः** मासिक वेतन रुपया 15,000/– प्रतिमाह। साथ ही, जेएसएलपीएस की मानव संसाधन नियमावली के अनुरुप अन्य भत्ते लागू होंगे।

**नियंत्री पदाधिकारीः** प्रखण्ड परियोजना पदाधिकारी/प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक

**आवेदन हेतु सामान्य निर्देशः**

1. उपर्युक्त पदों के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति के आधार पर जिला आधारित आरक्षण रोस्टर मान्य होगा।
2. आवेदन तथा चयन की प्रक्रिया हेतु विस्तृत सूचना वेबसाईट www.jslps.org/career या www.sids.co.in/jslps से प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन हेतु उपरोक्त योग्यता सह अर्हता रखने वाले उम्मीदवार, SIDS के वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उक्त पद हेतु आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाना है, अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन के लिए वेबसाईट www.sids.co.in/jslps को देखा जा सकता है।
4. पूर्ण आवेदन उपरोक्त वेबसाईट पर दिनांक **2 जनवरी 2019 की संध्या 5.00 बजे** तक कर सकते है।
5. उपरोक्त वेबसाईट पर आवेदन हेतु लिंक विज्ञापन तिथि के 48 घंटे के अंदर सक्रिय होगा।
6. ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त अपूर्ण आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन में आवेदक द्वारा दिए गए सूचना को नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान मूल प्रमाण–पत्रों से मिलान किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन में भरी गई सूचना के सही एवं पूर्ण पाये जाने पर ही आगे की चयन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी को सम्मिलित किया जायेगा।
7. आवश्यक योग्यता सह अहर्ता रखने वाले उम्मीदवारों का लिखित परीक्षा हेतु प्रारंभिक चयन उपरोक्त दिए गए शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता के आधार पर की जायेगी।
8. नियुक्ति के संबंध में आगे की जानकारी हेतु अभ्यर्थी समय–समय पर वेबसाईट www.sids.co.in/jslps एवं www.jslps.org/career का अवलोकन करते रहेंगे।

**चयन की प्रक्रियाः**

1. SIDS एक स्वतंत्र प्रोफेशनल एजेन्सी है, जिसे परियोजना की विभिन्न टीमों के चयन हेतु नियुक्त किया गया है।
2. निर्धारित मानकों के आधार पर योग्य पाये जाने की स्थिति में लिखित परीक्षा के लिए सूचीबद्ध आवेदक का नाम www.sids.co.in/jslps पर देखा जा सकेगा।
3. योग्य पाये जाने वाले सूचीबद्ध आवेदकों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फॉर्म में भरे गये सूचना का मूल प्रमाण–पत्रों से मिलान किया जायेगा।

**(मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी)**